# <u>आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर</u>

<u>श्री कुल भारत, न्यायिक सदस्य तथा</u>
<u>श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य के समक्ष</u>

<u>आ. अ. सं. 896/ इंदौर /2019</u>
<u>निर्धारण वर्ष : 2015-16</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अनिता गुप्ता, इंदौर | बनाम | आयकर अधिकारी, 3 (3), इंदौर |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं.-एआईझेडपीजी 4520 ए | | |

| | |
|---|---|
| अपीलार्थी की ओर से | श्री पंकज शाह, सीए |
| प्रत्यर्थी की ओर से | श्री हर्षित बारी, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 12.01.2021 |
| उद्घघोषणा तिथि | 12.01.2021 |

## <u>आदेश</u>

<u>श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य द्वारा</u>

निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए निर्धारिती द्वारा यह अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील)-I, इंदौर द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 271(1)(सी) के अधीन पारित आदेश दिनांक 05.08.2019 के विरुद्ध अपील के आधारों में वर्णित आधार पर दाखिल की गई है ।

2. सुनवाई के प्रारंभ में ही निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया कि निर्धारिती ने कर विवाद से विश्वास योजना, 2020 के अंतर्गत आवेदन किया है । अतः

निर्धारिती वर्तमान अपील का अनुसरण करने की इच्छुक नही है । निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता ने उपरोक्त कारण से वर्तमान अपील को वापिस लेने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है । अतः हम इस अपील को वापिस लिए जाने की अनुमति प्रदान करते है तथा इसे वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं । हालांकि निर्धारिती आयकर अधिनियम के अनुसार विनिहित अवधि के अंदर विविध आवेदन दाखिल करने हेतु स्वतंत्र होगी यदि आयकर विभाग द्वारा निर्धारिती को फार्म सं. 5 जारी नहीं किया जाता है ।

3. परिणामतः, निर्धारिती की अपील वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है ।

यह आदेश 12.01.2021 को खुले न्यायालय में उद्घोषित किया गया है।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (कुल भारत) | (मनीष बोरड) |
| न्यायिक सदस्य | लेखा सदस्य |

दिनांक : 12.01.2021

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल